चल श्याम धणी के द्वार | By Rajendra Agrawal DEI

चल श्याम धणी के द्वार तू मौज करेगा
जो मिलते मुश्किल से तू रोज करेगा

परेशान मन को समझा सांवरा है साथ में
लेख वो लिखने वाला क्या है तेरे हाथ में
दु:ख मिट जाएंगे श्याम जब हाथ धरेगा
चल श्याम धणी के द्वार .....

खोट नहीं जिस मन में उसकी ही सुनता वो
होता वही फिर प्यारे करता कन्हैया जो
बदले दुनिया सारी वो ना बदलेगा
चल श्याम धणी के द्वार .....

तड़पा जो मिलने खातिर उसने ही पाया है
श्याम सांवरे ने खुद में मीरा को समाया है
राजू पे कर उपकार वो सबसे कहेगा
चल श्याम धणी के द्वार .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-rajendra-agrawal-dei/